लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
वैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2082
# अमृत विचार
वर्ष 6, अंक 149, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
24.0°
बरेली, रविवार, 20 अप्रैल 2025
छोटे कदम ला सकते हैं



# आर्मी पब्लिक सीनियर विंग और विद्या वर्ल्ड स्कूल चैंपियन

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विद्या वर्ल्ड स्कूल ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल को नौ विकेट से हराकर चौथी बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्राफी पर कब्जा किया। वहीं आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने डीपीएस को 2-0 गोल से पराजित कर फुटबाल टूर्नामेंट की ट्राफी अपने नाम की।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और डीपीएस के बीच सुबह 9:30 शुरू हुआ। पहले हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। 29वें मिनट में ऋषि यादव ने गोल कर आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग को बढ़त दिला दी। आयुष शर्मा ने 55वें मिनट में गोल कर इस बढ़त को 2-0 कर दिया और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने फाइनल जीत लिया।

वहीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के फाइनल मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 13.3 ओवर में 36 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। विद्या वर्ल्ड ने 3.2 ओवर में आसानी से नौ विकेट से मैच जीत लिया। अभय सक्सेना ने 21 रन बनाए।



फुटबाल टूर्नामेंट की ट्रॉफी के साथ आर्मी पब्लिक सीनियर विंग की टीम। ● अमृत विचार

## फाइनल में बासुबरल के स्थान पर एसआर इंटरनेशनल को मौका

टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती ने बताया कि शुक्रवार को हुए सेमीफाइनल में बासुबरल सरस्वती स्कूल और एसआर इंटरनेशनल स्कूल के बीच मैच था। इसमें एसआर इंटरनेशनल ने 4 विकेट पर 139 रन बनाए। बासुबरल ने 17.1 ओवर में 139 रन बनाकर एसआर इंटरनेशनल को 6 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद एसआर इंटरनेशनल स्कूल के कप्तान और कोच ने बासुबरल सरस्वती स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी को नियमों के तहत अयोग्य बताया और विरोध करते हुए आयोजन समिति से शिकायत की। आयोजन समिति ने गहन जांच के बाद एसआर इंटरनेशनल स्कूल की शिकायत को सही पाया और बासुबरल स्कूल को फाइनल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इस तरह एसआर इंटरनेशनल को फाइनल में खेलने का अवसर दिया।

## सांसद ने विजेताओं को दी ट्रॉफी

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सरफराज वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना, बरेली फुटबाल संघ के सचिव मून राबिंसन, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया ने विजेता टीमों को चैंपियन ट्राफी एवं उपविजेता को रनरअप ट्राफी के साथ सभी खिलाड़ियों को भी ट्राफियां प्रदान कीं। सांसद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन देव मूर्ति ने हमेशा अपनी गलतियों से सीख लेकर निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, आयोजन समिति के प्रेसिडेंट डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सोवन मोहंती, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डॉ. अनुज कुमार, मून राबिंसन, देवेंद्र सिंह देवलिया, डॉ. योहान कुमार, फुटबाल कोच वाशिद खान, कौशल पाल, क्रिकेट कोच विश्वजीत, राहुल श्रीवास्तव, मनीष सिंह, नितिन सक्सेना, शकरपाल, मुहम्मद युसुफ असारी, अनुज शर्मा, कामरान असरफ और एसबी सिंह मौजूद रहे।